HHR17-1-1-HI

यीशु के अन्तिम वचन - प्रकाशितवाक्य की किताब - प्रोगाम 1

अनाऊंसर: आज लगभग आधे ईसाई विश्वास करते हैं कि उनके जीवनकाल में, यीशु मसीह पृथ्वी पर लौट आएंगे। प्रकाशितवाक्य में, ईसाई चर्च के लिए, भविष्य के बारे में, यीशु मसीह के अंतिम वचन हैं। वह उन भयानक घटनाओं की चेतावनी देता है, जो क्लेश के दौरान पृथ्वी पर होने वाला है, शैतान, मसीह के विरोधी और उन झूठे धर्म के सभी लोगों का क्या होगा। वह बताता है कि हर-मगिदोन के युद्ध में क्या होगा, पृथ्वी पर उसका वापस आना, उसके हज़ार साल का शासन, अंतिम न्याय, और वह यह वर्णन करता है कि परमेश्वर ने अपने लोगों के अनंत-भविष्य के लिए क्या योजना बनाई है। इस श्रृंखला में, हम आपको प्रकाशितवाक्य के पुस्तक के हर अध्याय के माध्यम से ले जाएंगे, ताकि आपको उसके संदेश और परमेश्वर ने भविष्य की घटनाओं के बारे में जो कहा है, उसे समझने में मदद मिल सके।

मेरे मेहमान हैं: *डॉ. एड हिंड्सन*, *लिबर्टी* विश्वविद्यालय के *स्कूल ऑफ़ रीलीजन* के अध्यक्ष, और धर्म के प्रतिष्ठित प्रोफेसर, और 40 से भी अधिक पुस्तकों के लेखक।

डॉ. *मार्क हिचकॉक डलास थियोलॉजिकल सेमिनरी* में, बाइबिल प्रदर्शनी के सहयोगी प्रोफेसर हैं। वे बाइबिल की भविष्यद्वाणी पर लिखे गए 30 पुस्तक के लेखक हैं, और *फेयत बाइबल चर्च* के वरिष्ठ उपदेशक हैं।

डॉ. रॉन रोड्स भी डलास थियोलॉजिकल सेमिनरी में पढ़ाते हैं, *और रेज़निंग फ्रम द स्क्रिप्चर्स मिनिस्ट्रीज़* के अध्यक्ष हैं। वह भविष्यद्वाणी पर लिखे गए 70 पुस्तकों के लेखक हैं। *जॉन एंकरबर्ग शो* के इस विशेष संस्करण में हमसे जुड़ें रहें।

*****

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: हमारे कार्यक्रम में आपका स्वागत है। हम कलिसीया के लिए यीशु के अंतिम वचन क्या थे, उस बारे में बात कर रहे हैं, ठीक है? यह बहुत महत्वपूर्ण है। भविष्य में जो हो रहा है, भविष्य में क्या होने वाला है, इसके बारे में उन्हें बहुत कुछ कहना था। और हमारे पास तीन (सर्वश्रेष्ठ) लोग हैं जो हमें पूरे प्रकाशितवाक्य के पुस्तक के माध्यम से ले जाने वाले हैं। हमारे पास *डॉ. एड हिल्डसन* हैं, जो लिबर्टी विश्वविद्यालय के आत्मिक विद्यालय के अध्यक्ष हैं। वह भी धर्म के प्रतिष्ठित प्रोफेसर हैं।

दूसरे, *डॉ. मार्क हिचकॉक, डलास थियोलॉजिकल सेमिनरी* के बाइबिल प्रदर्शनी के सहयोगी प्रोफेसर हैं..

डॉ. रॉन रोड्स, रेज़निंग फ्रम द स्क्रिप्चर्स मिनिस्ट्रीज़ के अध्यक्ष हैं। वह *डलास थियोलॉजिकल सेमिनरी* और कई अन्य सेमिनरी में भी सिखातें हैं। तो मुझे लगता है कि हमारे पास ऐसे 140 पुस्तक हैं, जो यहां बैठे लोगों ने भविष्यद्वाणी पर लिखा है, और इसमे बहुत समय और अध्ययन लगता है।

पर दोस्तों, मैं सीधे अपने विषय पर जाना चाहता हूं, और वह प्रकाशितवाक्यकी का पुस्तक है। और, *एड*, शुरू कीजिए। किसने हमें जानकारी दी? यह कैसे लिखी गई? हमें उन खिलाड़ियों के बारे में बताईए जो पहले पृष्ठ को खोलते ही सामने आते हैं।

डॉ. एड हाईन्डसन: पुस्तक का सबसे पहला ही वचन यह बताता है कि यह, यीशु मसीह का प्रकाशितवाक्य है, जिसे उसने अपने सेवक यूहन्ना को दिया था। तो हम शुरू से ही जानते हैं कि यीशू मसीह ही दिव्य लेखक हैं, यूहन्ना मानव लेखक हैं। और परमेश्वर पुनरुत्थान के 65 साल बाद प्रकट होता है, यूहन्ना को पतमुस नाम टापू पर प्रकट होता है और भविष्य के बारे में बताता है। यह यीशु का एक निजी चेला था, जिसने उसकी पृथ्वी की सेवकाई में, उसके साथ तीन साल बिताए थे, जो कि आखिरी-भोज में यीशु के कंधे पर आश्रित था, वह एकमात्र चेला था जो कि क्रूस के पास दिखाई दिया था। यूहन्ना के मुकाबले, यीशु के साथ अधिक व्यक्तिगत संबंध वाला कोई और चेला नहीं था। और फिर भी जब महिमामय-मसीह उसको प्रकट होता है, बाइबिल इस अध्याय में कहता है कि यूहन्ना उसके पैरों पर मुर्दा सा गिर पड़ा। यह हमें याद दिलाता है कि, जब आप एक दिन स्वर्ग जाएंगें, और आप सोचेगें, "मैं यीशु को देखना चाहता हूं," तो यह बस जाकर उससे बातें करने जैसे एक

आकस्मिक बात नहीं होगी। " खैर, नमस्ते!" अगर यूहन्ना मुर्दा सा गिरकर परमेश्वर की आराधना करता है, तो आपको क्या लगता है कि आप और मैं कहाँ होंगे?

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: हाँ, मुझे वह अच्छा लगता है; क्योंकि आप बस उस बारे में सोचो। यूहन्ना ने यीशु को उसकी पूरी महिमा में देखा, और वह मुर्दा सा गिर पड़ा था। लेकिन मैं इस तथ्य को पसंद करता हूं कि यीशु आया और उसने अपना हाथ उसके कंधे पर रखा और कहा, "डरो मत, मुझे तुमसे बहुत कुछ कहना है।" और क्यों हर ईसाई को प्रकाशितवाक्य पढ़ना ज़रूरी है? क्योंकि यह सबसे रोमांचक जानकारी है, यह कलीसिया के लिए यीशु के आखिरी वचन हैं। और इस पवित्रशास्त्र में एक वादा है। हमें बताएं कि प्रत्येक ईसाई को प्रकाशितवाक्य की पुस्तक क्यों पढ़ना और समझना चाहिए।

डॉ. मार्क हीचकॉक: खैर, यह वह पुस्तक है जो हमें भविष्य के बारे में बताती है। लेकिन प्रकाशित वाक्य के पुस्तक में एक और प्रोत्साहन और प्रेरणा है, क्योंकि तीसरे वचन में यह कहता है, "धन्य है वह जो इस भविष्यद्वाणी के वचन को पढ़ता है, और वे जो सुनते हैं और इस में लिखी हुई बातों को मानते हैं, क्योंकि समय निकट आया है।" बाइबल में यह एकमात्र ऐसी पुस्तक है जिसमें इस तरह की एक अद्वितीय वादा दिया गया है। और यही वजह है कि बहुत से लोगों ने प्रकाशितवाक्य की पुस्तक को "आशीर्वाद पुस्तक" कहा है। जो लोग इस पुस्तक में लिखी गई चीजों को पढ़ते हैं, जो सुनते हैं, और जो ध्यान रखते हैं, या जो करते हैं, उनके लिए एक विशेष आशीर्वाद है। तो वे सभी जो हमारे साथ, प्रकाशितवाक्य के पुस्तक के इन कार्यक्रमों के लिए शामिल हो रहे हैं, उनमें से हर एक को इस अध्ययन के दौरान धन्य होने के लिए तैयार होना आवश्यक है।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: ठीक है। फिर यदि आप पवित्र शास्त्र पढ़ते हैं, तो वह कहता है, "यूहन्ना की ओर से आसिया की सात कलीसियाओं के नाम: उस की ओर से जो है और जो आने वाला है, और उन सात आत्माओं की ओर से, जो उसके सिंहासन के साम्हने है। और यीशु मसीह की ओर से, जो विश्वासयोग्य साक्षी और मरे हुओं में से जी उठनेवालों में पहिलौठा, और पृथ्वी के राजाओं का हाकिम है," वहाँ एक सवाल है। वह ट्रिनिटी से आता

है। परमेश्वर एक है, लेकिन वह तीन व्यक्ति है। और तथ्य यह है कि अस्तर लोग, सात आत्माएं जो सिंहासन के सामने हैं उनके द्वारा फेंक दिये जाते हैं। हम यह क्यों मानते हैं कि वे पवित्र आत्मा हैं?

डॉ. मार्क हीचकॉक: खैर, यह कहने से पहले वह कहता है, "वह जो है, और जो था, और जो आनेवाला है", और फिर ठीक उसके बाद, यीशु के लिए एक संदर्भ है। तो ठीक पिता-परमेश्वर और यीशु के बारे में बातों के बीच इन सात आत्माओं का उल्लेख है। तो यह जो भी सात आत्माएं हैं, उन्हें ट्रिनिटी का हिस्सा होना चाहिए। और तो सात आत्माओं का मतलब सात पवित्र आत्माएं नहीं है। प्रकाशितवाक्य में संख्या सात 54 बार प्रयोग किया गया है। यह कुछ ऐसी चीज़ के बारे में है जो पूर्ण या संपूर्ण है। और तो ये वास्तव में पूर्णता, या पवित्र आत्मा की शक्ति की पूर्णता के बारे में बताता है, और संभवत: यह यशायाह 11:1-2 के संदर्भ में है, जहां पवित्र आत्मा की सात गुना सेवा का वर्णन किया गया है।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: और इससे पहले कि हम आगे बढ़े, और कलीसियाओं ने जो सुना, कलीसियाओं के लिए संदेश क्या था, उस बारे में बात करें, ये सात कलीसिया हमें यीशु के विवरण देते हैं, रॉन। यह इतना महत्वपूर्ण है: यीशु पृथ्वी पर क्यों आया था? उनके खिताब क्या हैं? वह अपने गौरवशाली रूप में कैसे दिखता है?

डॉ डॉ. रॉन रोडस: खैर, यह एक अविश्वसनीय बात है जो हम यहां अध्याय 1 में पाते हैं। हम यहाँ पाते हैं कि यीशु को अल्फा और ओमिगा कहा जाता है। और ये ग्रीक वर्णमाला के पहले और अंतिम अक्षर हैं। और आपको समझना चाहिए कि यह परमेश्वर के जताने वाले नाम हैं। ये हमेशा हमें परमेश्वर के बारे में कुछ बताते हैं। और पूराने नियम में अक्सर, परमेश्वर को अल्फा और ओमिगा कहा जाता है; उदाहरण के लिए, यशायाह 44 और 48. लेकिन इस वचन में हम देखते हैं कि यीशु को अल्फा और ओमिगा कहा गया है, जिसका अर्थ है कि वह परमेश्वर है। वह अनन्त है, वह सर्वव्यापी है, वह सार्वभौम है। और समझने के लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि,

हम इन तथ्यों को प्रकाशितवाक्य के बाकी अध्यायों में पाते हैं, क्योंकि यीशु ने दिखाया है कि वह संपूर्ण क्लेश अवधि के दौरान सर्वव्यापी प्रभु हैं।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: मुझे यह तथ्य पसंद है, जहां पवित्र शास्त्र कहता है, "जो हम से प्रेम रखता है, और जिसने अपने लोहू के द्वारा हमें पापों से छुड़ाया है। और हमें एक राज्य और अपने पिता परमेश्वर के लिये याजक भी बना दिया, उसी की महिमा और पराक्रम युगानुयुग रहे।" विश्वासियों का याजक बनना.., हम सब जो ईसाई हैं, हम सब याजक हैं जिन्हें कि परमेश्वर, जब हम पृथ्वी पर हैं, हमारा उपयोग करना चाहते हैं।

डॉ. रॉन रोडस: खैर, यह एक आश्चर्यजनक बात है क्योंकि वह परमेश्वर है, अनन्त परमेश्वर, जो आप से और मुझ से इतना प्रेम करता है कि, उसने अनंत काल से कदम हटाया और आपके लिए क्रूस पर मरने के उद्देश्य से मानव स्वभाव को अपनाया। उसके मुकाबले कोई बड़ा प्रेम नहीं है। और तो प्रकाशित वाक्य के शुरुआत से ही मानवता के उद्धार के लिए परमेश्वर के समग्र उद्देश्य की एक प्रतिज्ञान है।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: हाँ। मार्क, मैं आपके पास आता हूँ। जब यूहन्ना कहता है कि यीशु आ रहा है और हर आंख उसे देखेगा, ठीक है.., और यहां तक कि वे भी जिन्होंने उसे मार डाला, और धरती की सभी जनजाति उसके कारण विलाप करेंगे, क्यों यह हमें यह बताता है कि, यूहन्ना मसीह के दूसरे आने की बात कर रहा है और न की मृत्कोत्थान का(बात कर रहा है)?

डॉ. मार्क हीचकॉक: खैर, जब कलीसिया का मृत्कोत्थान होता है, तब वास्तव में यीशु धरती पर वापस नहीं आता है। और 1 थिस्सलुनीकियों 4, जैसे वचनों में यह कहा गया है कि हम विश्वासी उठा लिए जाएंगे; जो लोग मर चुके हैं, वे पहिले जी उठेंगे; तब हम जो जीवित हैं उठा लिए जाएंगे; कि हवा में प्रभू से मिलें। 1कुरिन्थियों 15 के अनुसार मृत्कोत्थान, "यह क्षण भर में, पलक मारते ही" होने वाला है, जबकि यहाँ यह कहता है कि हर एक आंख उसे देखेगा। तो ये दो अलग-अलग घटनाएं हैं। जहां मृत्कोत्थान में, केवल विश्वासी यीशु मसीह के साथ उठा लिए जाएंगे। यह एक ऐसी घटना होगी जिसे कि दुनिया नहीं देखेगी। यह पलक मारते ही हो

जाएगा। यीशु की दूसरी वापसी, पृथ्वी के सभी हिस्सों में सभी लोगों के लिए दृश्यमान होने वाला है। तो यही एक कारण है कि हमारा मानना है कि मृत्कोत्थान और पृथ्वी पर यीशु की वापसी के बीच कुछ समय होगा।

डॉ. रॉन रोडस: आप जानते हैं, हम यह भी बता सकते हैं कि मृत्कोत्थान जल्दी होगा, यह किसी भी समय हो सकता है। ऐसी कोई भविष्यद्वाणी नहीं है जो कि मृत्कोत्थान से पहले पूरा किया जाना है। लेकिन दूसरी वापसी से पहले, सात साल के संकेत होंगे। और ये चिन्ह हमारे लिए प्रकाशित वाक्य की पुस्तक में दर्ज किए गए हैं।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: हम उस बात पर आने वाले हैं। मार्क, बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल है। पतमुस टापू पर यूहन्ना क्यों था, और वह वहाँ कब था?

डॉ. मार्क हीचकॉक: खैर, यूहन्ना को, कलीसियाओं पर उसके प्रभाव से दूर रखने के लिए, सम्राट *डोमिटियन*, रोमन सम्राट *डोमिटियान* द्वारा पतमुस टापू पर भेजा गया था। और वह वहां जब था तब 90 के आसपास था। हम चर्च के इतिहास से यह जानते हैं, दूसरी शताब्दी में Irenaeus जैसे लोग, जो वास्तव में यूहन्ना के मरने के करीब 80 साल बाद तक जीवित रहे थे, यूहन्ना के मरने के 50-60 साल बाद तक थे। Irenaeus हमें बताता है कि यूहन्ना रोमन सम्राट Domitian द्वारा लाया गया था, और उसे वहाँ यीशु मसीह के सुसमाचार प्रचार के कारण भेजा गया था। तो पतरस और पौलुस की तरह वह रोमन साम्राज्य द्वारा सताया गया था। जब कि वे दोनों शहीद हो गए थे, यूहन्ना को बस टापू पर डाल दिया गया था। यह हमें बताता है कि, वह परमेश्वर के वचन के लिए और यीशु के लिए उसकी गवाही के कारण वह वहाँ था।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: और यह आप जो कह रहे हैं, उसे कितने चर्च दूतों ने यह रिकॉर्ड किया है?

डॉ. मार्क हीचकॉक: ओह, उनमें से कई। दर्जनों लोग सम्राट डोमिटीयन के शासनकाल के दौरान पतमुस के टापू में यूहन्ना के डालने के बारे में बात करते हैं।डोमिनिटियन ने ईस्वी 81 से ईसा 96 तक राज्य किया। यह उसके शासनकाल के अंत के करीब था, इसलिए आम तौर हम मानते हैं कि लगभग 90 ईस्वी की तिथि के करीब यूहन्ना वहां थे, और तब उन्होंने प्रकाशित वाक्य की पुस्तक लिखी थी।

डॉ. एड हाईन्डसन: इसका महत्व यह है कि यदि यह तब हुआ था, तो यह यरूशलेम के विनाश के बाद लिखा गया था। यह नीरो के समय में लिखा नहीं गया था, जैसे कि कुछ लोग सुझाव देते हैं। यह पहली सदी के अंत में लिखा गया था। यूहन्ना ग्रह पर जीवित आखिरी चेला था, और यीशु उसे प्रकट करने वाला था कि भविष्य में क्या होने वाला है।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: *एड*, यीशु ने ऐसा क्या कहा जो कि यूहन्ना के लेखन का उद्देश्य था? उसने क्या कहा? ऐसा क्या कारण था कि वह चाहता था कि वह प्रकाशित वाक्य लिखे?

डॉ. एड हाईन्डसन: खैर, वह चाहता था कि वह उन चीजों के बारे में बात करें जो कि हुआ था, हो रहा था, और जो बाद में होने वाला था।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: वे तीन क्या हैं?

डॉ. एड हाईन्डसन: वे तीन श्रेणियों का सार: अतीत, वर्तमान और भविष्य। वह कहना चाहता है, "मैं इतिहास का प्रभू हूं, मैं कलीसिया और वर्तमान का परमेश्वर हूँ, मैं भविष्य का परमेश्वर हूं।" और यह पुस्तक के तीन भागों में से एक है। पुस्तक इन तीनों से भरा है। आशीष के भाग में भी यह तीन हैं: परमेश्वर का व्यक्तित्व, जो था और जो है और जो हमेशा रहेगा। वे तीनों..। और प्रकाशित वाक्य में 1,200 बार "और" शब्द का उपयोग किया गया है। छोटा ग्रीक शब्द, *काई*, वह *काइमीटर पैटर्न*, जो कि पुस्तक को एक साथ जोड़ता है, यह कहने के लिए कि यह चक्रीय भविष्यद्वाणियां नहीं है, जो कि गोल घूमता रहता है। यह एक घटना से दूसरे, दूसरे से दूसरे तक चलता जाता है: यह हुआ, और फिर यह हुआ, और फिर यह हुआ। जब आप यह पुस्तक पढ़ते हैं, तो यह उम्मीदें पैदा करती है। कि भविष्य में कुछ रोमांचक होने वाला है, और वह यीशु है।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: हाँ। रॉन, पहले ही अध्याय में, जब साधारण लोग एक साथ मिलते हैं और इसका अध्ययन करते हैं और यह बतता है कि परमेश्वर कौन है, तो उन्हें रुकना होगा और उन्हें सोचना होगा कि

परमेश्वर, यीशु और पवित्र आत्मा के बारे में क्या कहा जा रहा है। क्योंकि देखो कि प्रभु परमेश्वर सभी पर शासन करता है, इसे उनके विश्वास को प्रोत्साहित करना चाहिए। यह और क्या कर सकता है।

डॉ. रॉन रोडस: खैर, मुझे लगता है कि यह हमें भविष्य के बारे में भरोसा दिलाता है। प्रकाशित वाक्य के लिखे जाने का एक और कारण, सातों चर्चों में सताए जा रहे विश्वासियों की मदद करना। और पुस्तक के आखिरी अध्याय, और हम कैसे जीतते हैं यह जानना., जैसे कि मेरे दोस्त डॉ. मार्टिन ने कहा, यह हमें वर्तमान से निपटने की ताकत प्रदान करता है।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: हाँ। ठीक है। अब, यीशु ने यूहन्ना से कहा, "मैं चाहता हूं कि तुम सात कलीसियाओं को लिखो।" और सात कलीसियाएं कौन थे? यीशु ऐसा क्यों करना चाहता था? और जब हम वापस आएंगे, तो हम इसके बारे में बात करेंगे, हमारे साथ बने रहना...

*****

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: ठीक है, हम वापस आ गए हैं। हम *डॉ. एड हिंडसन, डॉ. मार्क हिचकॉक* और *डॉ. रॉन रोड्स* के साथ बात कर रहे हैं। और हम इस बारे में बात कर रहे हैं कि, परमेश्वर ने हमें प्रकाशित वाक्य की पुस्तक क्यों दी? और हम पहले अध्याय में हैं। और यीशु, पतमुस टापू में यूहन्ना को प्रकट हुए और वास्तव में उसे जानकारी देते हैं। और पहली बात जो वह कहता है, "मैं चाहता हूं कि तुम सात कलीसियाओं को कुछ जानकारी दो।" और, *एड*, इसे वहां से ले जाएंगे। सात कलीसिया कौन थे?

डॉ. एड हाईन्डसन: ये सात कलीसिया हैं जो कि आसिया माइनर में मौजूद थे, जो कि एक ही रोमन राजमार्ग से जुड़े थे। कलीसिया जो कि पहली सदी में मौजूद थे। और सात कलीसियाओं का प्रतिनिधित्व करते दीवटों में, यीशु प्रभु के रूप में प्रकट होते हैं, और वे कलीसियाओं पर अधिकार के साथ बात करते हैं। और वह, उन्होंने जो कुछ भी सही किया है, उसके लिए प्रशंसा करते कहता है, "इसे जारी रखो," और वे जो गलत कर रहे हैं, जिसे उन्हें पश्चाताप या बदलने या सही करने की आवश्यकता है, उनके लिए निंदा करता है।

सात कलीसिया। इफिसुस शायद बड़ा कलीसिया था, आसिया माइनर का सबसे बड़ा शहर था। कलीसिया जिसमे पौलुस और यूहन्ना और तीमुथियुस ने सेवा की थी। इफिसुस कलीसिया की तुलना में, किसी और कलीसिया का इतना बड़ा इतिहास नहीं हो सकता है। और फिर भी उसने, अपने अस्तित्व के इन सभी वर्षों के बाद भी उनसे कहा, "पर मुझे तेरे विरुद्ध यह कहना है कि तू ने अपना पहिला सा प्रेम छोड़ दिया है। तुम अन्य अच्छी चीजों में व्यस्त हो, लेकिन तुमने अपना पहिला सा प्रेम छोड़ दिया है" जो कि खुद परमेश्वर है।

फिर वह अगले कलीसिया की ओर जाता है, स्मुरना, जो कि एक सताया गया कलीसिया था। "प्राण देने तक विश्वासी रह।"

और फिर, पिरगमुन के लिए, एक बहुत ही राजनीतिक कलीसिया। यह आसिया माइनर, जहां रोमन सेना का मुख्यालय था, उसके केंद्र में था। जहां कि ईसाइयों को, सरकार के साथ समझौता करने की परीक्षा दी जाती थी।

और फिर थूआतीरा, जो कि एक बहुत समृद्ध कलीसिया था। वह सात शहरों में से सबसे छोटा था, फिर भी सबसे लंबा पत्र था, क्योंकि वे सबसे ज्यादा धार्मिक समस्याओं में थे। समृद्धि उन्हें मसीह के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से दूर ले गया था।

और फिर सरदीस, एक शक्तिहीन कलीसिया। "तू लगभग मरा हुआ है। जागृत रह, तेरा दीवट बंद पड़ जाएगा।

और फिर फिलेदिलफिया के लिए, एक दृढ़ कलीसिया। "तेरी सामर्थ थोड़ी सी है। मैं ने तेरे सामने एक द्वार खोल रखा है। और क्योंकि तू दृढ़ रहा है मैं तुझे संसार तक पहुंचने का एक मौका देता हूं।"

और आखिरकार लौदीकिया "तू तो न गर्म है और न ही ठंडा है, तू गुनगुना है।" वह कुंठित कलीसिया है, "यदि तुम नहीं बदलते हो, तो मैं तुझे अपने मुंह से उगलने पर हूँ।" और अंत में, वह उस कलीसिया के द्वार पर खटखटाता है और कहता है, "कलीसिया के परमेश्वर को कलीसिया के बाहर मत रखो।"

आप जानते हैं, जॉन, मुझे एक चीज अजीब लगता है कि प्रत्येक पत्र, विशेष आवश्यकताएं वाले एक व्यक्तिगत कलीसिया के लिए लिखा गया है, पर प्रत्येक पत्र यह कहकर समाप्त किया जाता है कि, "जिस के कान हों, वह

सुन ले कि आत्मा कलीसियाओं से क्या कहता है।" इन कलीसियाओं से संबंधित सिद्धांत वास्तव, हर समय के सभी कलीसियाओं पर लागू होते हैं।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: *रॉन,* तथ्य यह है कि बहुत सारे लोग प्रकाशित वाक्य के प्रतीकात्मकता को देखते हैं और कहते हैं, "मुझे नहीं पता कि यह प्रतीकात्मकता क्या है।" और यहाँ, जब वह सात तारों, और सात दीवट, और वे क्या हैं, इस बारे में बात करता है, तो आपको वे क्या हैं इसका अनुमान लगाने की जरूरत नहीं है। यदि आप कुछ वचन आगे पढ़ते हैं, तो प्रकाशितवाक्य 1:20, तथ्य यह है कि बाइबल आपको बताता है कि वह किसके प्रतीक हैं। उस बारे में बात करते हैं।

डॉ. रॉन रोडस: खैर, यह सही है। और यह एक कारण है जिससे कि प्रकाशितवाक्य से आपको डराना नहीं चाहिए। बाइबल बताता है कि वह प्रतीक क्या है, और फिर वह आपको बताता है कि उसका अर्थ क्या है। तो, उदाहरण के लिए, सोने की दीवट। आप उसे पढ़ सकते हैं और कह सकते हैं, "खैर, ये सोने की दीवट क्या हैं?" लेकिन अगर आप थोड़ा और आगे पढ़ते हैं, तो आप पाएंगें कि वे सात कलीसिया हैं। फिर आप सात तारों के बारे में पढ़ते हैं; थोड़ा आगे जाकर यह पाओगे कि वे उन कलीसियाओं के सात स्वर्गदूत हैं। या फिर हम धूप के बारे में पढ़ते हैं; और फिर हमें बताया गया है कि धूप परमेश्वर के लोगों की प्रार्थनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। और तो, प्रकाशितवाक्य में इस्तेमाल किए गए कई प्रतीकों को, हमारे लिए तत्काल संदर्भ में परिभाषित किया गया है, जो कि निश्चित रूप से उसे समझने में आसान बनाता है।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: हाँ मार्क, तथ्य यह है कि, आप एक उपदेशक हैं। मुझे यीशु के बारे में यह बात दिलचस्प लगता है कि वह कहता है, "मैं इन सभी कलीसियाओं के बीच में खड़ा हूं।" वह सब कुछ देख रहा है, वह जानता है कि उनके दिलों में क्या है, और वह जानता है कि वे उसकी सेवा कैसे करते हैं। और, जब आप किसी भी चर्च के बारे में सोचते हैं, तो यह एक डरावना विचार है। जब आप अपने चर्च के बारे में सोचते हैं, जो कुछ भी हो रहा है, वह उन सब के बीच में है, वह सब कुछ देखता है।

जब हम इफिसुस की ओर वापस जाते हैं, हम इन में कुछ बातों पर वापस जाते हैं। इस कलीसिया, और उसके उपदेशक के बारे में सोचो। वह कहता है, "मैं तेरे" यीशु कहता है, "काम, और परिश्रम, और तेरा धीरज जानता हूँ, और यह भी कि, तू बुरे लोगों को तो देख नहीं सकता। और जो अपने आप को प्रेरित कहते हैं, और हैं नहीं, उन्हें तू ने परखकर झूठा पाया। और तू धीरज धीरता है, और मेरे नाम के लिये दुख उठाते- उठाते थका नहीं।" अब, मैं आपको बताता हूँ, वह एक सुपर-डुपर चर्च है।

डॉ. मार्क हीचकॉक: सही है। यह एक सर्वश्रेष्ठ चर्च(कलीसिया) है। मेरा मतलब है, यह नए नियम के एक प्रमुख चर्च की तरह है।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: और फिर भी वह कहता है, "पर मुझे तेरे विरुद्ध यह कहना है कि तू ने अपना पहिला सा प्रेम छोड़ दिया है।" उन्होंने उसे खोया नहीं है, वे जानबूझ कर उससे दूर हो गए हैं; उन्होंने उसे छोड़ दिया है। वह पहिला सा प्रेम क्या है?

डॉ. मार्क हीचकॉक: खैर, मुझे लगता है कि वह पहिला सा प्रेम यीशु मसीह के लिए उनका प्रेम है। (आप जानते हैं,) वे यीशु मसीह के पास आये, और उसपर विश्वास करते थे, उस पर भरोसा करते थे, वह जो उनके पापों के लिए क्रूस पर मरा था। लेकिन समय के साथ, (आप जानते हैं,) यह दिलचस्प है; आप जानते हैं, यीशु मसीह के लिए हमारा प्रेम भी कम हो सकता है। हालांकि ये लोग व्यस्त थे, वे परमेश्वर के लिए काम करने में व्यस्त थे, उनके सभी धर्मशास्त्र सही थे, (आप जानते हैं,) किसी ने एक बार कहा था कि आप, धर्मशास्त्र में, एक बंदूक के बैरल के जैसे सीधे हो सकते हैं, लेकिन आप आत्मिक तौर पर एक बंदूक के बैरल जैसे ठंड़े हो सकते हैं। और वह वास्तव में, वैसे ही थे। उनके पास सभी सही सिद्धांत थे; वे सही चीजों को जानते थे; लेकिन वे यीशु मसीह के लिए, अपने प्रेम और जुनून से दूर हो गए थे। और यह वास्तव में हम सभी के लिए एक महान चेतावनी है, कि हम अन्य चीजों के लिए, यीशु मसीह के लिए हमारे प्रेम की जगह को न दें।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: अब, *रॉन,* यहाँ इफिसुस और इन सभी कलीसियाओं के लिए कहा गया है, "जिस के कान हों, वह सुन ले कि आत्मा उनसे क्या कहता है, जो जय पाए।" और फिर वहाँ पुरस्कार दिये जा रहे हैं। जय पाने वाला कौन है? क्या यह ईसाई का एक विशेष वर्ग है, या सब लोग हैं?

डॉ. रॉन रोडस: (मुझे लगता है कि) बहुत से लोग सोचते हैं कि यह ईसाइयों का एक विशेष वर्ग है या नहीं। और वे अक्सर आश्चर्य में पड़ते हैं कि, क्या वे अपने उद्धार को खोने के कगार पर हैं, क्योंकि वे यह सोच रहे हैं कि, क्या वे जय पाने के लिए पर्याप्त हैं। लेकिन यदि आप बाइबल में, “जय पाने वाला” जैसे एक शब्द पर आते हैं, तो क्या यह बेहतर न होगा कि बाइबल ही हमारे लिए यह परिभाषित करे कि, उस शब्द का अर्थ क्या है? तो 1यूहन्ना 5: 4-5 में हम पढ़ते हैं, "क्योंकि जो कुछ परमेश्वर से उत्पन्न हुआ है, वह संसार पर जय प्राप्त करता है। और वह विजय जिस से संसार पर जय प्राप्त होती है, हमारा विश्वास है।" तो इसका मतलब यह है कि हम सभी “जय पाने वाले” हैं। और जब आप इस बारे में सोचते हैं, जॉन, जब आप उन सात कलीसियाओं के लोगों को दिए गए सभी अलग-अलग पुरस्कारों को देखते हैं, तो उन चीजों को सभी ईसाइयों के लिए सच माना जा सकता है। उदाहरण के लिए, आप जानते हैं, एक कलीसिया दूसरी मौत का अनुभव नहीं करने वाला है। खैर, कोई भी ईसाई दूसरी मृत्यु का अनुभव नहीं करेगा, जो कि शाश्वत मृत्यु है। और तो, जैसे कि मैंने कहा, एक “जय पाने वाला” वह है जो परमेश्वर में जन्मा है, और उसका मतलब सभी ईसाई हैं।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: हाँ। *एड,* मैं चाहता हूं कि आप स्मुरना के बारे में बात करें। तथ्य यह है कि, वह कहता है, "दरअसल तूझे क्लेश उठाना होगा" वह कहता है," शैतान तुम में से कितनों को जेलखाने में डालने पर है ताकि तुम परखे जाओ" ठीक है? आप जानते हैं कि, जब आप ऐसी छोटी चीज़ें सुनते हैं, तो स्वास्थ्य, धन, और समृद्धि सिद्धांत कुछ मायने नहीं रखते हैं, "और तुम्हें दस दिन तक क्लेश उठाना होगा।" और फिर, आप जानते हैं, "प्राण देने तक विश्वासी रह;" ठीक है? और यह सदियों से चला आ रहा है। और आप जानते हैं, पिछले साल, या पिछले कुछ समय में, उस क्षेत्र में कितने लोगों की मृत्यु हुई है?

डॉ. एड हाईन्डसन: खैर, स्मुरना में क्या आश्चर्यजनक हुआ था कि, यूहन्ना का अपना निजी चेला पॉलिकेरप, एक पीढ़ी बाद, मसीह में अपने विश्वास के लिए जला दिया गया, और उसने इनकार करने से मना कर दिया। यहां तक कि 20 वीं शताब्दी की शुरुआत में भी, स्मुरना शहर में, 20,000 ईसाई शहीद हुए थे, यह आधुनिक समय का *इजमिर* है। संसार के हर जगह आज भी, ईसाई क्लेश उठा रहे हैं। और खासकर हम जो अमेरिका में हैं, हमें क्लेश उठा रहे चर्च की दुर्दशा को याद रखना चाहिए, और यह तथ्य कि दुनिया भर में विश्वासी, मसीह में अपने विश्वास के लिए खड़े हो रहे हैं और वे इनकार नहीं करते हैं। यीशु ने कहा, "जो कोई मनुष्यों के सामने मुझे मान लेगा, उसे मैं भी स्वर्गीय पिता के सामने मान लूंगा, पर जो कोई मनुष्यों के सामने मेरा इनकार करेगा उस से मैं भी अपने स्वर्गीय पिता के सामने इनकार करूँगा।" एक असली विश्वासी जानता है कि यीशु के लिए जीवित रहना भी(लायक है), और वह जान देने लायक भी है।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: ठीक है। मार्क, आप एक काफी बड़े चर्च के उपदेशक हैं। और जब आप यह सुनते हैं, तो आप को मन में क्या लगता है? उन लोगों से बात करना, जो कि पूरे विश्व भर में चर्चों में हैं, जो कि हमारे बातों को सुन रहे हैं। और शायद वे एहसास करें कि जो यीशु ने इन चर्चों में निंदा की थी, वह उन पर भी लागू होता है। तो उन्हें क्या करना चाहिए? खुद एक उपदेशक के रूप में, आप उन्हें क्या कहेंगे?

डॉ. मार्क हीचकॉक: खैर, (आप जानते हैं,) जब आप सात कलीसियाओं को लिखे गए पत्रों को बार-बार पढ़ते हैं, तो यीशु कहता है, "मैं तेरे कामों को जानता हूं। मैं तेरे कर्मों को जानता हूं।" तो हमें पहली बात यह जानना चाहिए, कि यीशु जानता है कि हमारे चर्चों में क्या हो रहा है। वह ऐसा परमेश्वर है जो कि इन दीवटों के बीच में है। वह उन सबके बीच में है; वह जानता है कि क्या हो रहा है। पिरगमुन में कलीसियाओं में से एक को कहा, "मैं यह तो जानता हूँ, कि तू वहां रहता है।" तो यीशु जानता है कि हम कहाँ रहते हैं; वह जानता है कि हम क्या कर रहे हैं; और हम उसे धोका नहीं दे सकते हैं। हमें यह समझने की ज़रूरत है।

हमें कलीसियाओं को लिखे गए इन पत्रों को पढ़ना चाहिए, वह चीजें जिसकी परमेश्वर सराहना करते हैं, और वह अच्छी चीजें जो कि वह कहता है कि हमें करना चाहिए। हमें उनका अनुकरण करना चाहिए और एक उदाहरण के रूप में उनका अनुसरण करना चाहिए।

लेकिन इन सातों कलीसियाओं को लिखे गए इन पत्रों में बहुत निंदा है। और आज हमें ये हमारे चर्चों में गंभीरता से लेना जरूरी है। और अगर ये चीजें शुरुआती कलीसियाओं में सही थे, तो आज हमारे चर्चों में ये चीजें कितने सच हैं? और हमें इसके बारे में गंभीर होना चाहिए, और हमें परमेश्वर के पास आना जरूरी है। वह कई कलीसियाओं को पश्चाताप करने के लिए बुलाता है, वे जो चीजें कर रहे हैं उन्हें छोड़ने के लिए कहता है। तो हमें उपदेशकों के रूप में, नेताओं के रूप में, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारा जीवन प्रभु के साथ सही है।

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: हाँ। यह ब्रह्मांड का परमेश्वर है जो कि हमसे बात कर रहा है और यह कह रहा है, "ऐसी कुछ चीजें हैं जो मुझे पसंद है, लेकिन ऐसी भी कुछ चीजें हैं जो बिल्कुल गलत हैं और यह न्याय ला सकते हैं" ठीक है?

तो, अगले हफ्ते हम इन कलीसियाओं को देखना जारी रखने वाले हैं, और फिर हम यीशु ने यूहन्ना से जो भविष्य में होने वाले बातें बताई, उस बारे में देखेंगें, ठीक है? तो आप उसे चूकने न देना। अगले सप्ताह हमारे साथ जुड़ें।

****

हमारे टीवी प्रोग्राम देखने के लिए मुफ्त में डाऊनलोड कीजिए जॉन एन्करबर्ग ाो एप

"घ्द्धठ्ठन्र् द्यदृ ठ्ठड़ड़ड्ढद्रद्य ख्ड्ढद्मद्वद्म क्ण्द्धत्द्मद्य" ऋ ख्ऋद्मण्दृध्र्.दृद्धढ़

@JAshow.org

क्दृद्रन्द्धत्ढण्द्य 2016 ऋच्ड्ढक्ष्